# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

**BOARD OF SCHOOL EDUCATION UTTARAKHAND, RAMNAGAR (NAINITAL)**

*Phone No-05947-254275* *E-mail: secy-ubse-uk@nic.in* *Website- www.ubse.uk.gov.in*

*महत्वपूर्ण / ई–मेल*

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

**सेवा में,**

**समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी**
**उत्तराखण्ड।**

पत्रांकः उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्यक्रम / A-292 / 106-109 / 2025–26 दिनांक 10 अक्टू0, 2025

**विषयः हाईस्कूल स्तर पर मुख्य विषयों के प्रश्नपत्र डिजायन (Question Paper Design) के प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराया जाना है कि परख, नई दिल्ली द्वारा देश के समस्त बोर्ड्स की समतुल्यता के दृष्टिगत् दक्षता आधारित आकलन को बढ़ावा दिये जाने एवं आकलन में एकरूपता लाये जाने के उद्देश्य से निर्धारित प्रारूप पर एक समान प्रश्नपत्र डिजायन (Question Paper Design) निर्धारित किये जाने की अपेक्षा की गयी है। परख, नई दिल्ली के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा हाईस्कूल स्तर पर गृह एवं परिषदीय परीक्षाओं में मुख्य विषयों में प्रश्नपत्रों के डिजायन विकसित किये गये हैं। विकसित प्रश्नपत्र डिजायन संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों, विद्यार्थियों एवं अन्य सम्बन्धित हितधारकों के सुलभ सन्दर्भ हेतु परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in के Research & Syllabus** लिंक पर अपलोड किये गये हैं। भाषा विषयों में प्रश्नपत्र डिजायन 2025–26 हेतु पूर्व में निर्गत पाठ्यक्रम में निर्धारित की गयी व्यवस्था के अनुरूप यथावत् रहेगा।

अतः उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के समस्त संस्थाध्यक्षों एवं विषयाध्यापकों को इस सम्बन्ध में अवगत करवाते हुये तद्नुसार **परिषदीय एवं वार्षिक गृह परीक्षाओं** की तैयारियां करवाने हेतु तत्काल निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः**– उक्तवत्।

भवदीय,
10/X/2025
**(वी0पी0 सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0: उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ्यक्रम / A-292 / 106-109 / 2025–26 दिनांक उक्तवत्।

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड / सभापति, उ0वि0शि0प0, देहरादून।
2. डा0 इन्द्राणी भादुड़ी, प्रोफेसर एवं हेड, परख, नई दिल्ली।
3. सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष, उत्तराखण्ड को अनुपालनार्थ।
4. अपर निदेशक, SCERT उत्तराखण्ड, देहरादून।

भवदीय,
10/X/2025
**(वी0पी0 सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।